'अप्प दीपो भव'

वॉयस ऑफ बुद्धा

Postal Reg. No.-DL(ND)-11/6144/2016-18
WPP Licence No.- U(C)-101/2017-18
R.N.I. No. 68180/98

Date of Publication : 31.05.2018
Date of Posting on concessional rate :
2-3 & 16-17 of each fortnight

मूल्य : पाँच रूपये

प्रेषक : डॉ0 उदित राज (राम राज) चेयरमैन – जस्टिस पब्लिकेशंस, टी–22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001, फोन : 23354841–42

Website : www.uditraj.com E-mail: parisangh1997@gmail.com

● वर्ष : 21 ● अंक 13 ● पाक्षिक ● द्विभाषी ● कुल पृष्ठ संख्या 8 ● 16 से 31 मई, 2018

सत्ता की आस में लुटे दलित

बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर ने सत्ता को वह कुंजी बताई थी जिससे सारे ताले खुल जाते हैं। उस समय की परिस्थितियों के अनुसार काफी हद तक सत्ता सभी क्षेत्रों को नियंत्रित करती थी, लेकिन अब वह नहीं रहा। वोल्सेविक क्रांति के बाद दुनिया के तमाम देश कम्युनिस्ट होते जा रहे थे और जहां राजसत्ता सबकुछ नियंत्रित रखती थी। यूरोपीय देशों में भी राजसत्ता काफी प्रभाशाली रही। कांशीराम जी ने जब बहुजन समाज पार्टी बनाई तो लक्ष्य सत्ता प्राप्ति का रखा जिसको हासिल करना आसान नहीं था। धारणा यह बनायी कि सत्ता हासिल करो, सबकुछ हो जाएगा और रोजमर्रा के संघर्ष से अधिकार और सम्मान लेने की चिंता छोड़ो। यदि किसी दूसरे ने सामाजिक–राजनैतिक कार्य करने की कोशिश की तो उसे बदनाम कर दिया कि बसपा को सत्ता में आने से रोकने का षड्यंत्र है। निजीकरण, ठेकेदारी, आउटसोर्सिंग, अत्याचार, शिक्षा, स्वास्थ्य, महंगाई, न्यायपालिका द्वारा संवैधानिक अधिकार का अधिग्रहण आदि की बात करने वाला अम्बेडकरवाद और बसपा विरोधी माना जाने लगा।

बसपा का प्रभाव 1990 के दशक में शुरू होता है और वही समय था जब निजीकरण की शुरुआत हुई, पी.वी. नरसिंहा राव की पहली सरकार थी जिसने निजीकरण की शुरुआत की और धीरे–धीरे गति तेज हो गयी। ठेकेदारी प्रथा और आउटसोर्सिंग जैसे तरीके अपनाकर सरकारी नौकरियाँ खत्म की जाती रही। मंडल कमीशन लागू होने के बाद एक मुहीम चल गयी कि सरकारी विभाग निकम्मे और भ्रष्ट हो गए हैं इसलिए समस्याओं का समाधान निजीकरण है। 1993 में कोलोजियम सिस्टम के द्वारा उच्च न्यायपालिका में जजों की नियुक्ति होने लगी जिससे परिवारवाद, जातिवाद और निकम्मावाद बढ़ा। अभिजात्य वर्ग ने इस असंवैधानिक कार्य के खिलाफ कुछ नहीं किया क्योंकि यह उनके हित में था। संविधान में कहीं भी प्रावधान नहीं है कि जज ही जज को बनायेंगे। राजनैतिक दल गरीब, दलित, आदिवासी और पिछड़ा के खिलाफ नीति–योजना स्वयं तो विरोध में बना नहीं सकते तो यह कार्य न्यायपालिका से करवाने लगे। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए मंडल जजमेंट में अनुसूचित जाति का आरक्षण विषय नहीं था फिर भी जजों ने अपनी राय रखी, जिससे पांच आरक्षण विरोधी आदेश 1997 में जारी हुए। मेरे नेतृत्व में अनुसूचित जाति/जनजति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ ने संघर्ष किया और वाजपेई जी की सरकार ने तीन संवैधानिक संशोधन करके इसे ठीक किया। सत्ता का धुन इतना सवार हुआ कि 2007 में सुश्री मायावती मुख्यमंत्री बनी तब दलित ऐक्ट में बड़ा संशोधन किया गया कि इस कानून का प्रयोग हत्या और बलात्कार में ही होगा, तब परिसंघ ने इलाहबाद हाई कोर्ट में याचिका दायर कर उस निर्देश को निरस्त कराया। पदोन्नति में आरक्षण का मुकदमा परिसंघ की पैरवी से 2006 में सुप्रीम कोर्ट में जीता और सुश्री मायावती मुख्यमंत्री थीं तो 4 जनवरी 2011 को लखनऊ हाई कोर्ट में पदोन्नति में आरक्षण इसलिए खत्म कर देती हैं कि उसकी पैरवी ठीक से नहीं हुई। स्पेशल कंपोनेंट प्लान, ट्राइबल सब प्लान कभी ईमानदारी से लागू नहीं किया गया इस पर कभी कोई आवाज इनकी तरफ से नहीं उठी। आरक्षण आदेशों से लागू होता रहा है जबकि इसे कानून की शक्ल में बदल देना चाहिए था, लाखों पद केंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार में लगातार खाली रहे हैं। उच्च न्यायपालिका में दलितों और पिछड़ों की भागीदारी नहीं के बराबर रही।

सत्ता के सपने में दलित उपरोक्त भयंकर नुकसान पर ध्यान नहीं दिए और बस एक ही धुन में लगे रहे कि सत्ता आयेगी तो सब ठीक हो जायेगा। नेतृत्व ने सोचने ही नहीं दिया कि अधिकार एक दिन में नहीं मिलते और ये रोजमर्रा के हिसाब से मिलते और छिनते हैं। अगर इस सोच के आधार पर चले होते तो उपरोक्त समस्याओं को लेकर संसद से सड़क तक जैसे अन्य पार्टियाँ अपने मुद्दे पर लड़ती हैं, ये भी लड़े होते। कितनी बड़ी त्रासदी है कि जब दलित हित की पार्टी बनी तो अधिकार छिनते गए और पार्टी बूथ स्तर पर सक्रिय होकर सांसद–विधायक बनाने में ही मस्त रहती है। इये सोच का आभाव कहें या स्वार्थ। समयांतराल राजसत्ता कमजोर हो गयी है, कुछ ताक़त मीडिया के पास तो कुछ न्यायपालिका और कॉर्पोरेट जगत के पास। सुप्रीम कोर्ट के दो जज का फैसला देश का कानून बन जाता है जबकि संसद से कानून बनाना आसान नहीं है।

दलितों को यह समझ लेना चाहिए कि जाति व्यवस्था खत्म होने वाली नहीं है। ब्राह्मण स्वाभाविक रूप से क्षत्रिय, वैश्य, पिछड़ा एवं दलित का नेतृत्व नहीं स्वीकार कर सकता। क्षत्रिय अपने से नीचे वालों का और इस तरह से दलित सबसे नीचे पायदान पर होने की वजह से अन्य नेतृत्व स्वीकार नहीं करेंगें जब तक कि मजबूरी न हो। अगर ये चुनकर भी जाते हैं तो दलित उत्थान के लिए नहीं बल्कि सांसद या विधायक बनने के लिए। इन परिस्थितयों में क्या दलित सत्ता पर काबिज हो सकेगा। पिछड़ा वर्ग अभी न इधर का है और न उधर का। ऐसे में जब तक सत्ता नहीं मिलती तो क्या सबकुछ खो दिया जाये। जितनी ताक़त समाज ने बसपा को दिया अगर उसका एक चौथाई भी मुझे दिया होता तो अधिकार छीनने की बजाय और ज्यादा मिला होता। कम ताकत मिलने के बावजूद में भी मेरी उपलब्धियों की लम्बी सूची है। बाबा साहेब के हाथ में खुद सत्ता नहीं थी तब कैसे इतने अधिकार दिला सके? सत्ता की प्राप्ति की लड़ाई लड़ते रहना चाहिए लेकिन सड़क पर संघर्ष लगातार जारी रहे।

***

मुझे अपनी जाति की वजह से नौकरी छोड़नी पड़ी

बीबीसी हिंदी की #Being Muslim And Dalit सिरीज की इस कड़ी में पढ़िए एक दलित लड़की की कहानी। पूजा लखनऊ के रेनेंसा होटल में असिस्टेंट मैनेजर के तौर पर काम करती हैं।

एक पढ़ी-लिखी और अच्छी नौकरी करने वाली दलित लड़की के लिए भी जिंदगी आसान नहीं होती। पूजा को किन मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, जानिए उनकी ही जुबानी।

मुझे स्कूल में पता चला कि मैं ''नीची जाति'' की हूं। शायद सातवीं या आठवीं क्लास में पढ़ती थी। कोई फॉर्म भरा जा रहा था, उसमें अपनी जाति लिखनी थी। बाकी बच्चों की तरह मैंने भी लिखी। सबकी नजर उस पर गई और अचानक सब कुछ बदल गया। मुझे ये बता दिया गया कि मैं ''नीची जाति'' की हूं और हरेक पल ये जताया भी जाने लगा। स्कूल में सबका बर्ताव मेरे साथ बदल गया। जो दोस्त दिनभर मेरे साथ खेलते-खाते थे वो मुझसे कटे-कटे रहने लगे। टीचरों की नजरें भी अजीब सी लगने लगीं। ''मेरे साथ ये क्यों हो रहा है?''

मैंने घर आकर पापा से पूछा कि मेरे साथ ये सब क्यों हो रहा है तो उन्होंने बताया कि हम दलित हैं और हमारे साथ हमेशा से ऐसा होता आया है। उस वक्त ज्यादा कुछ समझ नहीं आया लेकिन धीरे-धीरे सब आईने की तरह साफ हो गया। ऐसे आप बहुत अच्छे हैं, कोई कमी नहीं है आपमें। कास्ट पता चलते ही आप बुरे हो जाते

हैं। आप कामचोर हो जाते हैं, आपकी सारी ''मेरिट'' खत्म हो जाती है और आप आरक्षण का फायदा लेकर हर जगह घुसपैठ करने वाले बन जाते हैं। मैंने आज तक आरक्षण का कोई फायदा नहीं लिया। न नौकरी के लिए और न पढ़ाई के लिए। मैंने एमबीए किया और लखनऊ के रेनेंसा होटल में असिस्टेंट मैनेजर हूं।

''मैंने कभी आरक्षण नहीं लिया''

मैंने आरक्षण नहीं लिया क्योंकि मुझे इसकी जरूरत महसूस नहीं हुई, लेकिन दलितों के एक बड़े तबके को वाकई इसकी जरूरत है। उन्हें आरक्षण लेना भी चाहिए। ये उनका हक है। लोग आजकल आर्थिक आधार पर आरक्षण की वकालत करते हैं। मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है। आइडिया अच्छा है। लाइए आर्थिक आधार पर आरक्षण, लेकिन क्या आप गारंटी दे पाएंगे कि इसके बाद हमारे साथ जाति की वजह से भेदभाव नहीं होगा? हमारा उत्पीड़न बंद हो जाएगा? मैं तो फिर भी बहुत अच्छी हालत में हूं, आप गांवों में जाकर देखिए। ऊंची जाति के लोगों के कुएं से पानी लेने पर बवाल होता है, कई स्कूलों में बच्चों को अलग लाइन में बैठाया जाता है। खाना शेयर करना तो दूर, दूसरे बच्चे उनके साथ बैठकर खाना नहीं खा सकते।

क्या ये सब होना बंद हो जाएगा?

जाति पता चली और नौकरी छोड़नी पड़ी। मैंने अच्छी पढ़ाई की, जॉब भी कर रही हूं, लेकिन जाति का ये भूत मेरा पीछा ही नहीं छोड़ता। मैं जब दिल्ली में जॉब करती थी तो वहां कुछ दोस्तों से बातचीत में मेरी कास्ट का पता चल गया। अब क्या मुझे बताने की जरूरत है कि इसके बाद क्या हुआ होगा? हुआ ये कि मैं इतनी अलग-थलग पड़ गई कि मैंने वो नौकरी छोड़ने का फैसला किया। जो पहले दोस्त थे, वे तरह-तरह की टिप्पणी करने लगे। लोगों ने बातचीत बंद कर दी। न छोड़ती तो डिप्रेशन में आ जाती। इसके बाद मैंने तय किया कि चाहे जो हो जाए अपनी जाति का पता नहीं चलने दूंगी। मैं मजबूर थी। अभी जहां काम करती हूं वहां भी अब तक अपनी कास्ट नहीं बताई है। मुझे पता है कि मेरी जाति पता चलेगी तो मेरा सर्वाइव करना मुश्किल हो जाएगा।

''हां, मैं दलित हूं''

लेकिन अब मैं खुलकर दुनिया के सामने आना चाहती हूं। हां, मैं दलित हूं। मैंने कोई गलत काम नहीं किया। हमसे गुनाहगारों सा बर्ताव करना बंद करिए। मैंने उत्तर प्रदेश में तीन सरकारें बनती देखीं, लेकिन हालात बदलते नहीं देखा। मायावती खुद को ''दलित की बेटी'' कहती जरूर हैं, लेकिन उनके कामों में मुझे ऐसा कुछ तो नहीं लगा कि वो दलितों की भलाई करना चाहती हैं।

''हिंदू धर्म नहीं छोड़ूंगी''

ये सच है कि हिंदू धर्म में सबसे ज्यादा जातिवाद है, लेकिन मेरे मन में कभी धर्म बदलने का ख़्याल नहीं आया और न ही कभी मैंने भगवान पर भरोसा करना छोड़ा। मुझे लगता है कि ये शुतुरमुर्ग जैसा होगा जो खतरा भांपने पर पत्थर में अपना सिर छिपा लेता है और सोचता है खतरा टल गया। शायद ये हालात से भागने जैसा होगा। मैं आसान रास्ते से भागने के बजाय डटकर इन हालात का सामना करना चाहती हूं। अगर मुझे दूसरी जाति के किसी लड़के से प्यार हुआ तो मैं उससे शादी भी करना चाहूंगी। मेरे भाई ने राजपूत लड़की से शादी की है। हां, ये बात और है कि भाभी के परिवार वाले अब भी इस रिश्ते को कबूल नहीं पाए हैं।

दलित और औरत होना...

होटल में मेरे अंडर में एक टीम काम करती है। औरत होने के साथ-साथ दलित होना अपने आप में एक बड़ी चुनौती है। लोग आपको नीचा दिखाने की कोशिशों में कोई कसर नहीं छोड़ते। वो गलतियां निकालने के मौके ढूंढते है, क्योंकि गलती मिलते ही कहेंगे, देखा ये लोग मेहनत तो करते ही नहीं! लोगों को लगता है दलित माने रिजर्वेशन। वो सोचते हैं कि हमें बस आरक्षण लेना आता है और कुछ नहीं।

https://www.bbc.com/hindi/india-44080431?ocid=socialflow_facebook

***

गुजरात : शादी के कार्ड पर नाम में सिंह जोड़ने पर दलित परिवार को धमकी

गुजरात के डीसा जिले में एक दलित परिवार को शादी के निमंत्रण कार्ड पर नाम के आगे सिंह लिखवाने को लेकर धमकियां मिल रही हैं। शादी के दिन कार्यक्रम में खलल डालने की परिवार को धमकी दी जा रही है। गुजरात में नाम के साथ सिंह उपनाम जोड़ने को सम्मान के प्रतीक के तौर पर देखा जाता है। राजपूत समुदाय में पुरुष आमतौर पर अपने नाम के साथ सिंह लगाते हैं। शिकायत मिलने के बाद फोन नंबर के आधार पर पुलिस धमकी देने वालों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस का कहना है कि जरूरत पड़ने पर शादी के दिन दलित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी।

डीसा के पास गोल गांव में रहने वाले सेंधाभाई भदरू का कहना है कि उनके छोटे बेटे हितेश की शादी के निमंत्रण कार्ड पर उन्होंने बाबा साहेब आंबेडकर की तस्वीर भी छपवाई है। शादी के कार्यक्रम के दौरान बुद्ध की मूर्ति स्थापित करने की बात भी कार्ड में लिखी गई है। कार्ड पर जय भीम और नमो बुद्धाय भी लिखा गया है। उन्होंने कहा, हमने अपने परिवार के बच्चों के नाम के साथ सिंह लगाया है इसलिए हमको धमकी मिल रही है। सिंह कार्ड में नाम के साथ उस जगह पर लिखा गया है, जहां बच्चों के नाम के साथ मेहमानों से जरूर-जरूर आने की बात लिखी जाती है। सेंधाभाई के दूसरे पुत्र कांजीभाई पुलिस अधिकारी हैं और उनके छोटेभाई हितेश की 12 मई को शादी तय हुई है। सेंधाभाई ने बीबीसी से कहा, हमने अपने नाम के साथ सिंह उपनाम लगाया है इसलिए हमारा जीना हराम कर दिया गया है। हमको रोज धमकियां मिल रही हैं। हमें शादी की खरीददारी करने जाते हुए भी डर लग रहा है। हमारी बहन-बेटियों को घर से उठा लेने की धमकियां दी जा रही हैं।

सेंधाभाई के बड़े बेटे केसरभाई कहते हैं, हमें मिली धमकी की बात समाज में चारों तरफ फैल चुकी है। अब हमारे घर शादी में कौन आएगा ये भी एक सवाल है। हमें डर है कि शादी के दिन कुछ हंगामा होगा तो बहन-बेटियां सलामत रहेंगी या नहीं। पुलिस अधिकारी जेएन खांटे ने बीबीसी को बताया, हमने शिकायत को गंभीरता से लिया है। हमने कॉल डिटेल निकाल ली हैं और धमकी देने वालों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। गुजरात सरकार के सामाजिक और न्याय विभाग के मंत्री ईश्वर परमार ने बताया, सभी को अपने नाम के साथ कोई भी उपनाम लगाने की छूट है। इस तरह से दलितों को धमकी नहीं दी जा सकती है। हम दलित परिवार को पूरी सुरक्षा देंगे।

https://www.bbc.com/hindi/india-44017922

***

फुले कहते थे

मंदिर का मतलब होता हैं.... मानसिक गुलामी का रास्ता...! स्कूल का मतलब होता हैं... जीवन में प्रकाश का रास्ता...!! मंदिर की जब घंटी बजती है तो हमें सन्देश देती है की हम धर्म, अन्धविश्वास, पाखंड और मूर्खता की ओर बढ़ रहे... हैं...! वहीं जब स्कूल की घंटी बजती है तो ये सन्देश देती हैं.... कि हम तर्कपूर्ण ज्ञान और वैज्ञानिकता की ओर बढ़ रहे हैं....! अब तय आपको करना हैं कि आपको जाना कहां हैं?

भारत दुनियां का एकमात्र ऐसा देश हैं जहाँ...

कन्या दान होती हैं। मृत लोगो को भोजन खिलाया जाता हैं। जानवर को माँ कहाँ जाता हैं और उसी माँ का दूध बेचा जाता हैं और यदि ये माँ दूध न देवे तो इस माँ को ही बेच देते हैं इसके लाल।। जानवर का पेशाब पिया जाता हैं। प्यासे को पानी पिलाने से पहले उसकी जाति पूछी जाती हैं। जानवरो के रूप में भगवान अवतार लेते रहे हैं। महामानवों को राक्षस की उपाधि दी जाती हैं। जिसकी पूजा करते हैं उसके दर्शन होने पर कत्ल करते हैं। माँ बाप के लिए वृद्ध आश्रम खोले जाते हैं और जानवरों को माँ बाप बनाकर पुजवाया जाता हैं। ज्यादातर भगवान माँ के पेट से जन्म न लेकर जानवरो से पैदा हुए। यहाँ 33 करोड़ देवी-देवता विराजमान हैं । लड़के को शादी के नाम पर बेचा जाता हैं लड़की पक्ष भुगतान करता हैं। अनपढ़ लोगो से ज्ञान लिया जाता हैं।। इत्यादि । भारत ही ऐसा देश है जहाँ मुसलमानों को हमेशा अपनी देशभक्ति का सबूत देना पड़ता है, शूद्र को अपनी काबलियत का और औरतो को अपने चरित्र का।

पाठकों से अपील

'वॉयस ऑफ बुद्धा' के सभी पाठकों से निवेदन है कि जिन्होंने अभी तक वार्षिक शुल्क/शुल्क जमा नहीं किया है, वे शीघ्र ही बैंक ड्रॉफ्ट द्वारा 'जस्टिस पब्लिकेशंस' के नाम से टी-22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 को भेजें। शुल्क 'जस्टिस पब्लिकेशंस' के खाता संख्या **0636000102165381** जो पंजाब नेशनल बैंक की जनपथ ब्रांच में है, सीधे जमा किया जा सकता है। जमा कराने के तुरंत बाद इसकी सूचना ईमेल, दूरभाष या पत्र द्वारा दें। कृपया 'वॉयस ऑफ बुद्धा' के नाम ड्राफ्ट या पैसा न भेजें और मनीआर्डर द्वारा भी शुल्क न भेजें। जिन लोगों के पास 'वॉयस ऑफ बुद्धा' नहीं पहुंच रहा है, वे सदस्यता संख्या सहित लिखें और संबंधित डाकघर से भी सम्पर्क करें। आर्थिक स्थिति दयनीय है, अतः इस आंदोलन को सहयोग देने के लिए खुलकर दान या चंदा दें।

सहयोग राशि:

पांच वर्ष : 600 रुपए

एक वर्ष : 150 रुपए

अद्वितीय समाजसुधारक राजा राम मोहन राय

नवीन मानवता और नये भारतवर्ष की कल्पना करने वाले राजा राम मोहन राय ने हमें आधुनिकता की राह दिखाई। राजा राम मोहन राय की प्रतिभा बहुमुखी थी। सार्वभौमिकता के संदेश वाहक, स्वतंत्रता के सभी पक्षों के उत्साही समर्थक तथा प्रेस की स्वतंत्रता और रैयत के अधिकारों के लिये राजनीतिक आन्दोलन कर्ता थे। आधुनिक प्रवृत्ति तथा प्रभाव का गुणात्मक स्तर प्रदान करने वाले राजा राम मोहन राय आधुनिकता के प्रवर्तकों में प्रथम थे। आधुनिक भारत की परिकल्पना में जो प्रयास किये जा रहे हैं उसका पूर्वाभास राजा राम मोहन राय के विचारों एवं कार्यो में विद्यमान था। राजा राम मोहन राय का जन्म 22 मई 1772 को बंगाल के हुगली जिले के राधा नगर गाँव में हुआ था। पिता का नाम रमाकान्त राय एवं माता का नाम तारिणी देवी था। उनके प्रपितामह कृष्ण चन्द्र बर्नजी बंगाल के नवाब की सेवा में थे। उन्हें राय की उपाधि प्राप्त थी। ब्रिटिश शाशकों के समक्ष दिल्ली के मुगल सम्राट की स्थिति स्पष्ट करने के कारण सम्राट ने उन्हें राजा की उपाधि से विभूषित किया था। प्रतिभा के धनी राजा राम मोहन राय बहुभाषाविद् थे। उन्हें बंगला, फारसी, अरबी, संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी, ग्रीक, फ्रैन्च, लेटिन आदि भाषाओं का अच्छा ज्ञान था। इन भाषाओं में वे अपने भावों को कुशलता से अभिव्यक्त करने की क्षमता रखते थे। वैष्णव भक्त परिवार के होने के बावजूद राजा राम मोहन राय की आस्था अन्य धर्मो में भी थी।

वेद एवं उपनिषदों में प्रतिपादित एकेश्वरवाद में आस्था रखने वाले राजा जी ने इस्लाम धर्म का गहन अध्ययन किया। मूर्ति पूजा में उनकी आस्था नहीं थी। एक अंग्रेजी पत्र ने लिखा था कि, राजा राम मोहन राय को गवर्नर जनरल बना देना चाहिये क्योंकि वे न हिन्दू हैं न मुसलमान और न ईसाई। ऐसी स्थिति में वे निष्पक्षता से गवर्नर जनरल का कार्यभार संभाल सकते हैं। ये कहना अतिशयोक्ति न होगी कि राजा राम मोहन राय केवल हिन्दू पुनरुत्थान के प्रतीक नहीं थे अपितु सच्चे अर्थ में वे धर्म निरपेक्षता वादी थे। 1802 में उन्होंने एकेश्वरवाद के समर्थन में फारसी भाषा में ''टुफरवुल मुवादिन'' नामक पुस्तक की रचना की। इस पुस्तक की भूमिका उन्होंने अरबी भाषा में लिखी। 1816 में उनकी पुस्तक ''वेदान्त सार'' का प्रकाशन हुआ जिसके माध्यम से उन्होंने ईश्वरवाद और कर्म–काण्ड की घोर आलोचना की। जीविकोपार्जन हेतु रंगपुर में ईस्ट इण्डिया के अधीन नौकरी किये और बाद में रंगपुर की कलक्टरी में दीवान बन गये। 1815 में आत्मीय सभा तथा 1819 में कलकत्ता युनेटेरियन कमेटी की स्थापना आपके द्वारा की गई। मध्य युगीन दलदल में फंसे इस देश में आपने वो जान फूंकी जिससे भारतीय चिन्तन तथा जीवन की धारा ही बदल गई। अपनी प्रचार प्रतिभा और मानव सेवा की अपूर्ण भावना के साथ तथा विवेक पूर्ण और विश्व जनीय दृष्टि से राजा राम मोहन राय भारत में पुनर्जागरण तथा धर्म सुधार दोनों को एक साथ लाने में सफल हुए।



20 अगस्त, 1828 को ब्रह्म समाज की स्थापना की। ब्रह्म समाज ईश्वर को निराकार मानता है। सदाचार, दया भाव, निर्भयता और प्रेम की शिक्षा देना ब्रह्म समाज का उद्देश्य है। प्रसिद्ध इतिहासकार मैक्स मूलर ने ब्रह्म समाज के विषय में कहा था कि यदि भारत में कभी भी कोई नया धर्म होगा तो मुझे विश्वास है कि वह अपने जीवन संचार के लिये राम मोहन राय, योग शिष्य देवेन्द्र नाथ टैगोर तथा केशव चन्द्र के विशाल हृदय का ऋणी रहेगा। राजा राम मोहन राय सती प्रथा को अमानुषिक मानते थे। उनके अनुसार सह मरण का सिद्धान्त शास्त्र के अनुसार सत्य नहीं हैं अपितु ये सोच विकृत कुसंस्कार है। आपके प्रयासों का ही परिणाम है कि लॉर्ड बैंटिक ने 4 दिसम्बर, 1829 को एक आदेश जारी किया जिसके तहत सती प्रथा पर रोक लगाई गई। जब जनता को अपने नागरिक अधिकारों का कोई ज्ञान न था और विदेशी हुकूमत के सामने अपनी बात रखने की सोचता भी न था तब राजा राम मोहन राय ने राजनीतिक जागरण में अपना अमूल्य योगदान दिया। अपने ओजपूर्ण राजनीतिक विचारों को शासन सत्ता के केन्द्र तक पहुँचाने में कामयाब रहे। भारत में राजनीतिक और सामाजिक चेतना जगाने के कारण ही उन्हें नये भारत का संदेश वाहक कहा जाता है। सुरेन्द्र नाथ बनर्जी ने उन्हें संवैधानिक जागरूकता का जनक कहा था। राजा राम मोहन राय को व्यक्ति की स्वतंत्रता, स्वायत्ता, समानता तथा न्याय में दृढ़ विश्वास था। उन्होंने राजनीतिक मूल्यों का कभी भी परित्याग नहीं किया। भारत को राजनीतिक स्वतंत्रता का संदेश देने वाले राजा राम मोहन राय पहले व्यक्ति थे। राजा राम मोहन राय एक पत्रकार, सम्पादक तथा लेखक थे। ''संवाद कौमदी'' का बँगला भाषा में तथा पर्शियन भाषा में ''विराट उल'' अखबार का सफल संपादन किया। लिखित अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के सिद्धान्त का समर्थन करते थे। 1823 में द्वारका नाथ ठाकुर, सज्जन बोस गौरी शंकर बनर्जी तथा चन्द्र कुमार आदि के साथ मिलकर हाई कोर्ट के सामने एक याचिका प्रस्तुत करके उन्होंने प्रेस की स्वतंत्रता की माँग की थी। याचिका अस्वीकृत कर देने पर राजा राम मोहन राय ने इस निर्णय के विरुद्ध मंत्री परिषद में अपील की।

राजा राम मोहन राय की शिक्षा और विज्ञान में गहरी आस्था थी। आपके शिक्षा संबन्धी विचार रचनात्मक थे। 1816 में आपने कलकत्ता में अंग्रेजी स्कूल की स्थापना की। ये पहला अंग्रेजी स्कूल था जिसका व्यय पूर्णतः भारतीयों द्वारा वहन किया जाता था। आपके प्रयासों से 1822 तथा 1823 में हिन्दू कॉलेज की स्थापना हुई। राजा राम मोहन राय ने अपने मस्तिष्क पर पूर्वाग्रहों को कभी भी हावी होने नहीं दिया। उनका मानना था कि अंग्रेजी शिक्षा और पश्चिमी शिक्षा भारत के लिये लाभदायक है। आपने वेदों तथा उपनिषदों का बंगाली तथा अंग्रेजी में अनुवाद किया। आपने इस बात का खण्डन किया कि ईसाई स्कूल में बाइबिल पढ़ाने से जाति भ्रष्ट होने का डर रहता है। समाज सुधारक राजा राम मोहन राय का मानना था राजनीतिक विकास का तब तक कोई मूल्य नहीं है जब तक समाज का सुधार या विकास नहीं होगा। समाज सुधार में स्त्री शिक्षा के वे पक्षधर थे। अतः नारी शिक्षा और स्त्रियों के अधिकारों पर विशेष बल दिये। राजा राम मोहन राय पहले भारतीय हैं जिन्होंने ये कहा कि पिता की सम्पत्ति में बेटी का भी कानूनी हक होना चाहिये। नारी पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आपने आवाज उठाई थी। विधवा विवाह के समर्थक थे। बाल विवाह के विरोधी थे। राजा राम मोहन राय परम्परा के खिलाफ थे क्योंकि उनका कहना था कि परम्परा के तहत कई बार अविवेक पूर्ण कार्य को श्रद्धा का विषय बना दिया जाता है। सामाजिक समस्याओं के प्रति सदैव जागरुक रहे। वे जमींदारों को किसानों का शोषक कहते थे। 15 नवम्बर, 1830 को समुद्री रास्ते से इंग्लैण्ड के लिये रवाना हुए। अप्रैल 1832 को इंग्लैण्ड पहुँचे जहाँ अंग्रेजों ने आपका स्वागत स्नेह और सम्मान के साथ किया। 27 सितंबर, 1833 को ब्रिस्टल में इस नश्वर संसार का त्याग करके ब्रह्म लोक में विलीन हो गये। समाज की समस्याओं को सत्ता के केन्द्र तक पहुँचाने वाले राजा राम मोहन राय ने एक ऐसे मार्ग का निर्माण किया जिसपर चल कर भावी धर्म और समाज सुधारक आपके विचारों को क्षितिज तक पहुँचाते रहेंगे। ये कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि राजा राम मोहन राय भारतीय राष्ट्रीयता के पैगम्बर और आधुनिक भारत के जनक थे ।

https://www.achhikhabar.com/2013/05/22/raja-ram-mohan-roy-essay-biography-jayanti-in-hindi/

***



अनुसूचित जाति/जनजाति संगठनों का
अखिल भारतीय परिसंघ

राजस्थान परिसंघ के लोगों का 17 जून को हो रहे है मावलंकर हॉल, नई दिल्ली में परिसंघ के सम्मलेन में आना था लेकिन अब कार्यक्रम में परिवर्तन कर दिया गया है, राजस्थान प्रदेश का सम्मलेन 16 जून, 2018 शनिवार को इंदिरा गाँधी पंचायती राज संस्थान सभागार, जेएल एन मार्ग, जयपुर में होना सुनुश्चित हुआ है अतः राजस्थान के साथी 16 जून को 11 बजे वहाँ उपस्थित हों ।

राजस्थान प्रदेश सम्मेलन

16 जून, 2018 शनिवार प्रात : 11 बजे
इंदिरा गाँधी पंचायती राज संस्थान सभागार,
जे.एल.एन मार्ग, जयपुर (राजस्थान)

मुख्य अतिथि : डॉ. उदित राज, राष्ट्रीय अध्यक्ष

: सम्पर्क :
मनीराम बडगुजर
मो. 9983537776

AIParisangh AIParisangh 9899766443 parisangh1997@gmail.com All India Parisangh www.aiparisangh.com

दलित, ओबीसी और माईनॉरटी संगठनों का परिसंघ, डॉ. उदित राज जी के नेतृत्व मे जनांदोलन की तैयारी

लखनऊ : दलित, ओबीसी और माईनॉरटी के कई संगठनों ने मिलाकर डीओएम परिसंघ का गठन किया गया

है। परिसंघ द्वारा सामाजिक चिंतक और डॉ. उदित राज के नेतृत्व मे बड़े जनांदोलन की तैयारी की जा रही है। दलित, ओबीसी और माईनॉरटी परिसंघ (डीओएम) की आरंभिक बैठक गोमती नगर स्थित होटल में हुयी, जिसमें दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समुदाय के तमाम संगठनों के प्रमुखों ने शिरकत की। संगठन प्रमुखों को संबोधित करते हुये डॉ. उदित राज जी ने कहा कि पदोन्नति में जो आरक्षण समाप्त हुआ हैं, वह न्यायपालिका की वजह से हुआ है। विधायिका सीधे आरक्षण समाप्त नहीं कर सकती है, इसलिये ये काम अब न्यायपालिका से कराना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि मनुवादी व्यवस्था अब इस तरह काम कर रही है। उन्होने इसाई शिक्षण संस्थानों पर हो रहे हमलों का जिक्र करते हुये कहा कि जब तक इसाई शिक्षण संस्थानों में सवर्णो के बच्चे पढ़ रहे थे तब तक सब कुछ ठीक था। लेकिन जैसे ही इसाई शिक्षण संस्थानों ने दलित, ओबीसी के बच्चों को पढ़ाना शुरू किया इन संस्थाओं पर हमले होने लगे। बताया जाने लगा कि ये हिंदू धर्म को कमजोर कर रहे हैं, हिंदू विरोधी हैं, इसाई धर्म को बढ़ा रहे हैं। आरक्षण की बात करते हुये डॉ. उदित राज ने कहा कि अब तो कई अध्ययनों से यह सिद्ध हो गया है कि आरक्षण पाये हुए लोग जहां काम करते हैं, वहां प्रोडक्शन अधिक होता है। सामाजिक चिंतक ने मेरिट की बात करने वालों पर हमला करते हुये मिलर कमेटी का जिक्र किया। उन्होंने आरक्षण को लेकर एससी, एसटी और ओबीसी पर किये गये दो अध्ययनों का भी जिक्र किया। उन्होने बताया कि मिशिगन यूनिवर्सिटी द्वारा रेलवे मे आरक्षण पाये लोगों पर अध्ययन किया गया और ये पाया कि आरक्षित वर्ग के लोग जहां काम कर रहे थे वहां प्रोडक्शन अधिक हुआ। मनरेगा में एससी, एसटी और ओबीसी के आईएएस अफसरों पर किये गयी स्टडी का जिक्र करते हुये कहा कि इस स्टडी ने भी सिद्ध कर दिया कि आरक्षण से कहीं भी उत्पादन क्षमता या प्रशासनिक क्षमता मे कमी नहीं आयी बल्कि वहां बेहतर काम हुआ। डॉ. उदित राज जी ने कहा कि जब तक सभी जातियों का देश के निर्माण मे योगदान नही होगा तब तक देश महान नहीं हो सकता है। ऐसा नही हो सकता कि देश का 85 प्रतिशत तबका गरीब, लाचार रहे, मुख्यधारा से अलग रहे और देश विकसित हो जाये। उन्होंने कहा कि इसके लिये देश के 85 प्रतिशत तबके को इम्पावर करना होगा। उन्होने कहा कि जहां पर रिजर्वेशन पहले आया, दलितों, पिछड़ों के सामाजिक आंदोलन पहले हुए। वह राज्य आज आगे हैं और जहां ये नहीं हुआ वह राज्य पिछड़ गये। उन्होंने उदाहरण देते हुये कहा कि आप दक्षिण के राज्यों को देखिये वह उत्तर के राज्यों से कहीं ज्यादा आगे हैं।

सामाजिक चिंतक ने कहा कि आज एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकारों को धीरे-धीरे समाप्त करने की साजिश रची जा रही है। इसके लिये यह जरूरी है सभी वंचित तबके एक मंच पर आयें और अपने अधिकारों के लिये सड़क पर उतर कर संघर्ष करें। उन्होने कहा कि इसके लिये डीओएम जैसे संगठन की आज जरूरत है। यह एक गैर राजनैतिक संगठन है जिसमें दलित, ओबीसी और माईनॉरटी के सभी प्रमुख संगठन जुड़ें हैं। उन्होंने डीओएम के सदस्यों का अह्वाहन करते हुये कहा कि अब अगर हमने संघर्ष का रास्ता नहीं अपनाया तो कुछ नहीं बचेगा। आप इस तरह संगठन को तैयार करें कि एक काल पर आपके सदस्य कहीं पर भी, किसी भी समय उपस्थित हो जायें और इस प्रयोग की शुरुआत यूपी से होगी।

कार्यक्रम को उपकुलपति डॉ. आर. बी.लाल, चौरसिया महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश्वर चौरसिया, पिछड़ा वर्ग संघ के अध्यक्ष राम लोटन निषाद, महासचिव विशवकर्मा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य साहू अक्षय भाई ने भी संबोधित किया। डीओएम के प्रदेश महासचिव सुशील कमल ने प्रदेश स्तरीय संगठन के गठन के लिये आगे की योजना के प्रारूप पर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन डीओएम के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र यादव ने किया।

http://news85.in/confederation-of-dalit-obc-and-minority-organizations-started-preparing-for-janaandolan-under-the-leadership-of-uditraj/

परिसंघ उत्तर प्रदेश इकाई की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

दिनांक 20 मई, 2018 को परिसंघ उत्तर प्रदेश इकाई के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक सेन्ट जेवियर्स कानवेन्ट स्कूल, विनीत खण्ड, लखनऊ में सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि परिसंघ के चेयरमैन डॉ. उदित राज जी की

उपस्थिति में बहुत से विषयों पर चर्चा हुई जिसमें पूरे प्रदेश से लगभग 32 जिलों से पदाधिकारी/कार्यकर्ता शामिल हुए।

बैठक को सम्बोधित करते हुए चेयरमैन डॉ. उदित राज जी ने सभी को अपने-अपने क्षेत्रों जल्दी से जल्दी कार्यकारिणी गठन कर उनकी जिला/मण्डल स्तर पर मीटिंग करने को कहा साथ ही सभी का परिसंघ से जोड़ने के तरीके समझाये जिससे वहां उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह वर्धन हुआ। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष सुशील कुमार कमल को निर्देशित करते हुए मुख्य पदाधिकारियों को पूरे पद्रेश के साथ ही विशेष रूप से प्रदेश महासचिव नीरज चक को मध्य जोन प्रदेश महासचिव राज कुमार जी को पूर्व जोन और प्रदेश महासचिव केदार नाथ को पश्चिम जोन की विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई।

प्रदेश सचिव जिया लाल जी फैजाबाद, गोंडा, बस्ती और आजमगढ़ मण्डलों पर विशेष ध्याान देने को कहा। जोनल कोआर्डिनेटर आर. के. कमल जी को पूरा बुन्देलखण्ड, झाँसी, चित्रकूट, कानपूर, इलाहाबाद मण्डलों, पर अधिक कार्य करने को कहा, प्रदेश उपाध्यक्ष पंचमलाल जी को तीनों जोन पर रिपोर्ट बनाने को कहा।

साथ ही प्रदेशाध्यक्ष सुशील कुमार कमल को निर्देशित किया प्रदेश/ जोन/ मण्डल के पदाधिकारियों की महीने में एक बार बैठक जरूर करनी चाहिए। साथ ही पूरे प्रदेश के 18 मण्डलों में जाकर स्वयं जिलाध्यक्षों की मीटिंग जरूर करे। इसके साथ ही प्रदेशाध्यक्ष सुशील कमल ने सभी से चर्चा करते हुए जल्दी से जल्दी लखनऊ में एक बड़ा प्रदेशीय सम्मेलन करने पर जोर दिया जिसका सभी ने समर्थन किया। इसके अलावा मीटिंग में सुल्तानपुर, गोंड, गोरखपुर, झाँसी, मेरठ, बरेली और गाजियाबाद में जिला स्तर की मीटिंग होना तय हुआ और मुख्य सम्मेलन से पहले ज्यादा से ज्यादा जिलों में मीटिंग करके कार्यकारिणी पूर्ण कर ली जाए।

2018 की प्रथम बैठक में कानपूर से जिलाध्यक्ष मन्जीत कमल, औरया जिलाध्यक्ष दर्शन लाल, मुकेश कुमार जिला महासचिव वर्मा, बरेली, गोण्डा मण्डल अध्यक्ष सत्यानारायण सोनकर, लखनऊ जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, मुजफ्फर नगर जिलाध्यक्ष राजकुमार, बलरामपुर जिलाध्यक्ष विजय पाल, श्रावस्ती जिलाध्यक्ष अशोक, सुल्तापुर जिला संयोजक कुलदीप कुमार, मेरठ जिलाध्यक्ष प्रेमजीत सिंह, फैजाबाद जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह, हरदोई जिलाध्यक्ष नरेश राज के अलावा बहुत से लोगों ने अपने-अपने विचार रखे।

– सुशील कुमार कमल
प्रदेश अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश परिसंघ

मिशन बुनियाद एक उम्मीद - शिक्षा कौशल मे सुधार के लिए शिक्षा योजना

जीवन में ज्ञान का कितना महत्व हैं ये हम सब जानते हैं, शिक्षा के बिना हमारा जीवन मतलब नमक के बिना खाना। हम सब हर साल 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाते हैं, लेकिन आज भी अपने देश में ऐसे कई लोग और बच्चे हैं जो लोग शिक्षा से वंचित हैं और काफी बडी संख्या मे बच्चे पढ़ने में पीछे रह जाते है उन्ही कमजोर बच्चों को साथ लाने के लिए इसकी शुरुआत की गई है। इस मिशन के तहत सरकार शिक्षिकों को प्रशिक्षित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। यह नई शिक्षा योजना यह सुनिश्चित करेगी कि सभी छात्र अपने ग्रेड स्तरों की पाठ्यपुस्तकों को पढ़ सकें। अब सवाल यह है कि मिशन बुनियाद की आवश्यकता क्यों पड़ी? राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण National Achievement Survey (NAS) की रिपोर्ट बताती है की देश भर के स्कूल जिसमें दिल्ली के स्कूल भी शामिल हैं सीखने की समस्या का सामना कर रहे हैं। यह सर्वेक्षण शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद /National Council of Educational Research and Training (NCERT) द्वारा आयोजित किया गया था। NAS की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय विद्यालयों में कक्षा तीसरी के लगभग 50 प्रतिशत बच्चे अपने ग्रेड स्तर की पाठ्यपुस्तकों को पढ़ने में असमर्थ हैं। विभिन्न निगम विद्यालयों में प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ रहे बच्चे पढ़ने में असमर्थ हैं जिसका प्रभाव उनके माध्यमिक विद्यालयों के अध्ययनों में भी पड़ेगा। यही वजह है जिससे इन छात्रों को उन्नत स्तर के अध्ययन में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। दिल्ली सरकार माध्यमिक विद्यालय के छात्रों की पढ़ने की क्षमता को 20 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए पहले से ही कई पहल अपना चुकी है। सरकार अब प्राथमिक विद्यालय के छात्रों की सीखने की प्रक्रिया में और सुधार करने के लिए प्रयासरत है।

मिशन बुनियाद फॉर स्टूडेंट्स' नामक एक नई शिक्षा योजना शुरू कर रही है। इस योजना के अंतर्गत, राज्य सरकार कई स्कूलों के सीखने के परिणामों की जांच करेगी, जो राज्य सरकारों या नगर निगमों द्वारा संचालित होते हैं। इसके अलावा, राज्य सरकार के मानक से सातवीं मानक के बीच अध्ययन करने वाले बच्चों के प्रदर्शन पर नजर रखने के लिए सलाहकार नियुक्त करेगी। इसके अलावा, प्रत्येक संरक्षक 5 से 10 स्कूलों के लिए यह कार्य करेगें। यह योजना राज्य सरकार द्वारा एमसीडी और अन्य स्थानीय निकायों के साथ डिजाइन और निष्पादित की जाएगी। राज्य सरकार चुनौती योजना के आधार पर इस योजना को डिजाइन करेगी। दिल्ली सरकार के मिशन बुनियाद योजना स्कूलों में सीखने के संकट के मुद्दे को हल करेगी। राज्य सरकार अप्रैल 2018 से इस योजना को शुरू करेगी। इसके अलावा, राज्य सरकार शिक्षक/प्रशिक्षण परिणाम समन्वयकों को प्रशिक्षण देने के लिए अपनी पूरी कोशिश करेगी। यह योजना सुनिश्चित करेगी कि सभी छात्र अपनी ग्रेड स्तर की पाठ्यपुस्तकों को पढ़ सकें।

इस अभियान में, कक्षा 3 से लेकर पांच तक के बच्चों को शामिल किया जाएगा। पहला परीक्षण लेकर बच्चों के ज्ञान का आकलन किया जाएगा। उसी आधार पर, अलग कक्षाएं लगाकर बच्चों को मजबूत किया जाएगा। दिल्ली के विद्यालयों में छह से आठ कक्षा के छात्रों में से आधे छात्र अपनी पुस्तकों को ठीक से नहीं पढ़ सकते हैं। उनके पास गणित का सामान्य ज्ञान भी नहीं है। मिशन बुनियाद के तहत मनोरंजक कहानियों से बच्चों को शिक्षित किया जाएगा। यह मिशन बच्चों की नींव को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा। दो फेज में चलने वाली यह योजना 2 अप्रैल से 30 जून तक सभी स्कूलों में चलाई जाएगी। जिसमें पहला फेज 2 अप्रैल से 10 मई तक और दूसरा फेज 11 मई से 30 जून तक चलेगा। इस योजना में बच्चों की पढ़ाई से संबंधित सभी समस्याओं का हल निकाला जाएगा और उन्हें अन्य गतिविधियों में भी निखारा जाएगा।

भाषायी ज्ञान हो या गणित का गुणा-भाग सभी की जानकारी और सभी विषयों में मजबूती बनाने के लिए सरकार मिशन बुनियाद शुरू करने जा रही है। दिल्ली के सभी सरकारी स्कूलों में कक्षा 3 से लेकर 9वीं तक लाखों बच्चे पढ़ रहे हैं। जिनमें से कई बच्चों को न ही किताबों में लिखे अक्षर समझ आते हैं और न ही गणित के बेसिक सवालों को हल कर पाते हैं। 3 महीने के इस कैम्प में बच्चों को सभी बेसिक जानकारियां दी जाएंगी। सरकार ने शिक्षकों को इस मिशन की ट्रेनिंग देने के लिए मैन्युअल भी जारी कर दिया है। जिसमें सरकार ने अध्यापकों को बच्चों को पढ़ाने के सभी तकनीकी जानकारियां मुहैया कराई हैं। 2 अप्रैल से 10 मई तक चलने वाला पहला फेज स्कूल के समयानुसार ही चलेगा। लेकिन 11 मई से शुरू होकर 30 जून तक खत्म होने वाला दूसरा फेज समर कैम्प के नाम से जाना जाएगा।

21 अप्रैल को स्कूल लेवल पर मेगा पैरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यापक ने सभी परिजनों को इस कैम्प के बारे में जानकारी देते हुए उनसे बच्चों को कैम्प का हिस्सा बनाने की सलाह दी। इतना ही नहीं, स्कूल प्रशासन हफ्ते के आखिरी में परिजनों को मैसेज के जरिए बच्चों को कैम्प में भेजने का अनुरोध भी किया गया । इस मिशन का प्रतिपादन विद्यालयों में न्यू निष्ठा, निष्ठा, प्रतिभा ग्रुपों के माध्यम से क्रियान्वित किया जा रहा है। पर मिशन बुनियाद की सरकार द्वारा चलाई मुहीम कितनी सफल हो सकेगी यह तो आने वाला समय ही बतायेगा क्योंकि इसके क्रियान्वयन में न केवल दिल्ली सरकार बल्कि तीनों निगमों के लिए अलग अलग समय व मापदंड निर्धारित करे गये है और एक सवाल यह की मई जून मे ज्यातर बच्चे गांव इत्यादि बाहर होते है, तो ऐसे में बच्चो की संख्या काफी कम हो रही हैं तो ऐसे में हम हमारे मिशन बुनियाद के लक्ष्य को कैसे प्राप्त कर सकते है। इससे अच्छा तो यह रहता कि मिशन बुनियाद का एक फेज 2अप्रैल से 10 मई और दूसरा फेज जुलाई अगस्त में आरंभ किया जाता । दूसरा जहा आज शिक्षक वेतन सभय पर न मिलने की जद्दोजहद से गुजर रहा है। वहा विभाग द्वारा मिशन बुनियाद के लिए बच्चों की दी जाने वाली शिक्षण सामग्री व रिफ्रेशमेंट का जिम्मा भी विद्यालय व शिक्षकों पर डाल दिया हैं, यह कहते हुए की शिक्षककों इसकी लागता का भूगतान बाद में विभाग द्वारा भुगतान कर दिया जाऐगा। जब इस मिशन की बुनियाद रूपी प्रारूप ही इतना कमजोर है, तो बच्चों की बुनियाद कैसे मजबूत हो सकती हैं। किसी भी बुनियाद को सफल बनाने के लिये पहले उसके प्रारूप को मजबूत होना चाहिए। बहरहाल हम सभी मिशन बुनियाद को सफल बनाने मे प्रयासरत हैं।

– सविता कांदियान पंवार,
राष्ट्रीय संयोजिका
परिसंघ महिला प्रकोष्ठ
मो. 9873944026

***

SC collegium recommending 'incompetent' lawyers: Judge

KOCHI: Justice B Kemal Pasha of Kerala high court on Thursday lashed out at the Supreme Court collegium for recommending the names of "incompetent" lawyers for appointment as judges.

Addressing the court reference held in connection with his retirement, Justice Pasha said, "Appointment of judges is not a family property of someone to be partitioned. I do not believe that judgeship should be allotted to each and every religion, caste or sub-caste. I learn from media that some names from the bar have been recommended for elevation. If the names given by the media are correct, I can very well say that most of the judges of this court, including me, have no good fortune to even see the faces of some of those persons. Is it good for the judiciary?"

The judge said picking and choosing people who are not at all competent to be judges and to recommend them for elevation will point fingers at the system. "A judge is being considered as a minister of this temple of justice. The duty to impart justice is nothing but a divine function also. When persons who have to perform divine functions are to be selected, they should have the capacity for it," Justice Pasha said.

He called upon the bar to react whenever incidents "hurting its good name" happened. He said hurdles are created by extra-judicial forces, and sometimes from within the system. "...I earnestly believe that the brethren in the bar have to take up issues and react to it, if it is felt that there is any substance to it, so that it will have a cleansing effect. I recollect that the Bombay bar had come down heavily and reacted strongly when they could realise that certain judges were indulging in corruption," he said.

https://timesofindia.indiatimes.com/india/sc-collegium-recommending-incompetent-lawyers-judge/articleshow/64311211.cms

***

परिसंघ की वेबसाइट पर ऑनलाइन सदस्य बनें

अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ की वेबसाइट www.aiparisangh.com पर अब ऑनलाइन सदस्यता का प्रावधान कर दिया गया है। वेबसाइट पर जाकर कोई भी सदस्यता शुल्क की ऑनलाइन पेमेंट करके वार्षिक एवं आजीवन सदस्य बन सकता है। इस पर डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग आदि सभी माध्यमों से पेमेंट की जा सकती है। अब कोशिश रहे कि ज्यादातर ऑनलाइन ही किया जाए, फिर भी यदि सदस्यता फार्म और डोनेशन की रसीदें छपी हुई चाहिए तो राष्ट्रीय कार्यालय में सुमित मो . 9868978306 से सम्पर्क किया जा सकता है।

परिसंघ के पदाधिकारियों से निवेदन है कि प्रयास करके अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाएं। यदि प्रदेश या जिले स्तर के पदाधिकारी अन्य लोगों को सदस्य बना रहे हैं तो वे फार्म में रेफर्ड बाई के कॉलम में अपना नाम अवश्य लिखें, इससे राष्ट्रीय कार्यालय को पता लग सकेगा कि किस पदाधिकारी द्वारा कितना ऑनलाइन सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा वेबसाइट पर परिसंघ का संक्षिप्त परिचय एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के परिचय के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों के फोटो के साथ पता एवं मोबाइल नंबर भी दिया गया है, (http://aiparisangh.com/office-bearers/) ताकि जो लोग अलग-अलग प्रदेशों से वेबसाइट देखें उन्हें पता लग सके कि उस प्रदेश के किस पदाधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अलावा 'वॉयस ऑफ बुद्धा' भी वेबसाइट पर जाकर पढ़ा जा सकता है।

The More India's Elite Claims to Be Caste-Mukt, the Less We Should Believe Them

The last few weeks have seen the most venomous, militant, blatant and intransigent display of casteism by internet and tech savvy upper-castes on social media.

Ashwini Deshpande

